एक नजर में

श्री बालकेश्वर मंदिर समिति द्वारा निशुल्क विवाह सम्मेलन आज

सुठालिया 16 फरवरी, सं. प्राचीन स्थल बालकेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के मौके पर होने वाले कन्याओं के 7 वां निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन आज किया जाएगा. 12 कन्याओं का पूर्ण रीति रिवाज के साथ पाणिग्रहण संपन्न कराया जाएगा. कार्यक्रम में बतौर अतिथि राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार एवं सांसद रोडमल नागर, जिपं अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, पूर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव, मोहन शर्मा विधायक नरसिंहगढ़, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर मौजूद रहेंगे.

सीसी रोड सामुदायिक भवन का होगा लोकार्पण

सुठालिया 16 फरवरी, सं. नगर परिषद द्वारा आयोजित सीसी रोड एवं सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आज 4 बजे बालकेश्वर मंदिर परिसर में सम्पन्न होगा. करीब 50 लाख रुपए की लागत से मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना के अंतर्गत वार्ड क्रमांक-1 में बापूलाल सौंधिया के मकान से बालकेश्वर मंदिर तक सीसी रोड एवं 30 लाख रुपए की लागत सांसद निधि से बनाए गए नव निर्मित सामुदायिक मंगल भवनयुक्त शेड का लोकार्पण किया जाएगा. आयोजन में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार, विशेष अतिथि सांसद रोडमल रोडमल नागर एवं पूर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव मौजूद रहेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी बाई लीलाधर लोधी द्वारा की जाएगी.

प्रतिदिन निकाल रहे प्रभात फेरी

जीरापुर 16 फरवरी, सं. नगर में प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी निकाली जा रही, जिसमें महिला पुरुष युवा शामिल होकर भगवान के भजनों को गाते हुए जयकारे लगाते चलते हैं. प्रभात फेरी प्रातः बुधवारिया बाजार स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से अपने गंतव्य पहुंचती है जहां पर सामुहिक आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाता है. गौरतलब है कि नगर में हिन्दू सम्मेलन के पूर्व प्रभात फेरी निकालने की शुरुआत की गई जिसे हिंदू सम्मेलन उपरांत प्रतिदिन नियमित रूप से निकालकर भक्ति रस में श्रद्धालु भक्तों को भगवान के भजनों में रसावादन किया जा रहा है.

सहज धाम पर मनाया गया स्थापना दिवस

छापीहेड़ा 16 फरवरी, सं. नगर में सहज धाम आश्रम स्थित स्थान पर मां दुर्गा मंदिर पर श्रद्धालुओं के द्वारा धूमधाम से मनाया गया. सहज धाम आश्रम के संस्थापक पंडित श्यामलाल नागर द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार सहज धाम आश्रम पर धर्म ध्वजा को स्थापित किया जाकर आश्रम स्थित मां दुर्गा मंदिर पर पूजन आरती कर महाप्रसादी का आयोजन किया गया.पंडित श्यामलाल नागर ने बताया कि जीवन में अपने ईष्ट भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हुए ईश्वर हमे हो कार्य सौंपा हे उसे विनम्रता पूर्वक स्वीकार कर अपना जीवन सत्कर्म के मार्ग पर व्यतीत करने का संदेश दिया गया.

लगातार पकड़े जा रहे नशे के कारोबारी

लगातार लंबी हो रही जिले की नशा उद्योग की फेहरिस्त, नरसिंहपुर से 3 आरोपी स्मैक के साथ पकड़ाए

जिले से अब तक करीब एक दर्जन अवैध स्मैक और ड्रग के कारोबार में लिप्त अपराधी पुलिस के हाथ चढ़े

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/राजगढ़ 16 फरवरी, का. बीते दिनों राजस्थान पुलिस द्वारा भण्डा फोड़ने के बाद जिले में बड़े स्तर पर नशे के कारोबार का खुलासा हुआ है. माचलपुर में जिस तरह से ड्रग फैक्ट्री संचालित हो रही थी वह चौंकाने और चिंतित करने वाला है. वहीं अब लगातार प्रदेश और राजस्थान में जिले के स्मैक तस्कर सामने आ रहे है और पुलिस उनकी धरपकड़ कर रही है. कहीं ना कहीं जिले की साफ छवि के लिए अच्छे संकेत नहीं है लेकिन दूसरी तरफ अपराधियों का पकड़ा जाना इस बढ़ते कारोबार पर विराम लगाने का काम कर रहा है. नरसिंहगढ़ पुलिस ने जिले के 3 लोगों को स्मैक तस्करी करते हुए पकड़ा है.

पुलिस की सख्ती में उगले साथियों के नाम

पुलिस ने जब भगवान सिंह से सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपने दो और साथियों के बारे में बताया जो कपूरी तिराहे के पास छिपे थे. पुलिस ने तुरंत सर्च ऑपरेशन चलाया और टट्टा पुल के पास से बनवारी तंवर और रामलाल तंवर को गिरफ्तार कर लिया. तलाशी लेने पर बनवारी के पास से भी बड़ी मात्रा में स्मैक बरामद हुई. पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से कुल 62 ग्राम स्मैक जब्त की है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 6 लाख रुपए बताई जा रही है. तीनों आरोपी—भगवान सिंह, बनवारी और रामलाल—राजगढ़ जिले के खिलचीपुर के रहने वाले हैं.

नरसिंहपुर पुलिस ने सोमवार को स्मैक तस्करी करते हुए राजगढ़ जिले के तीन आरोपियों को पकड़ा है. आरोपियों के पास से 6 लाख रुपए कीमत की स्मैक मिली है. पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कपूरी नहर के पास एक बाहरी व्यक्ति नशीला पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है. इस जानकारी पर पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की. एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखते ही खेतों की ओर भागने लगा, जिसे जवानों ने पीछा कर पकड़ लिया. पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम भगवान सिंह तंवर (निवासी राजगढ़) बताया, जिसके पास से 16 ग्राम स्मैक मिली.

नशे पर पुलिस का प्रहार, अभी और खुलासे होंगे

पुलिस ने बकायदा ऑपरेशन चलाया है. पुलिस अधीक्षक अमित सुरेश तोलानी ने अलग-अलग टीमें बनाते हुए नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ तेज कर दी है. वहीं अन्य जिलों में भी अपराधी पकड़े जा रहे है इससे पूरे नेटवर्क को जल्द ध्वस्त करने में पुलिस को मदद मिलेगी.

4 फरवरी को माचलपुर में
एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री का राजस्थान पुलिस की कार्यवाही के बाद खुलासा हुआ. सुसनेर और झालावाड़ में कार्यवाही के दौरान तस्करों की गिरफ्तारियों के बाद माचलपुर के गोघटपुर में ठिकाने पर दबिश दी गई. रघुनंदन पाटीदार नामक आरोपी का नाम सामने आया.

इसके बाद 8 फरवरी को
माचलपुर पुलिस को समीप के जंगल से गश्त के दौरान केमिकल से भरे ड्रम जब्त किए थे. पुलिस ने भारी मात्रा में जखीरा चार दिनों के भीतर बरामद किया.

11 फरवरी को 3 आरोपी
राजस्थान से पकड़ाए. जिले की पुलिस उनको लेकर आई और मामले का खुलासा किया. वहीं इसके बाद लगातार झालावाड़, राजगढ़ के संकट मोचन और नरसिंहगढ़ तस्कर धराए है. अब तक करीब एक दर्जन लोंगों को पुलिस हिरासत में ले चुकी है.

कांग्रेस का आरोप, इंका पार्षदों के वार्डों में रुके हैं विकास कार्य

नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा ठेकेदार कर रहे हैं देरी

अगर निर्माण समय पर प्रारंभ नहीं किए तो टेंडर निरस्त करवा देंगे

नवभारत न्यूज

कुरावर 16 फरवरी, सं. नगर परिषद द्वारा कांग्रेस पार्टी के पार्षदों के वार्डों में समय से काम नहीं होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी ने नगर परिषद कार्यालय के सामने अपनी मांगों को लेकर धरना दिया. ब्लाक अध्यक्ष खुर्शीद मेव ने बताया कि नगर में जिन वार्डों के पार्षद कांग्रेसी है उनके साथ भेदभाव बरता किया जा रहा है. उनके वार्डों में काम नहीं हो रहा है जबकि कई वार्डों के काम के वर्क आर्डर हो चुके हैं.

फिर भी नगर परिषद काम नहीं चलवा रही है. धरना प्रदर्शन में कांग्रेसी नेता प्रेम किशोर मीणा, मंजूलता शिवहरे, डॉ रविंद्र मीणा, राजेंद्र शर्मा, रामेश्वर दयाल, शहर अध्यक्ष एवं पार्षद राजू चौकसे, सचिन गिरी, प्रफुल्ल बाहेती, नवल सिंह सोंधिया, कमला प्रसाद शर्मा, प्रकाश दला, ज्ञान सिंह मीणा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे. मामले में नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई चंद्रवंशी ने आरोप को नकारते हुए कहा कि किसी भी वार्ड में कोई सौतेला व्यवहार नहीं किया है. सभी वार्डों के वर्क आर्डर हुए है. ये ठेकेदार की गलती है जो समय पर काम शुरू नहीं किया. हम लिखित आश्वासन देते हैं कि यदि 15 दिन के अन्दर काम शुरू नही किया तो टेंडर निरस्त करके नया टेंडर कर देंगे.

मंदिर निर्माण में कृषक ने 31 हजार रु. दान किये

सुठालिया 16 फरवरी, सं. नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर जीर्णोद्धार के चल रहे निर्माण कार्य के लिए सोमवार को नगर के वार्ड क्रमांक आठ निवासी कृषक घीसा लाल लोधी ने 31 हजार रु दिए दान, इस दौरान समिति अध्यक्ष बद्री प्रसाद पालीवाल को उन्होंने राशि सौंपी उनके द्वारा उनका अंग वस्त्र ओढ़कर किया स्वागत किया. इस मौके पर मंदिर समिति सदस्य कृष्ण मुरारी पालीवाल शशिकांत मिश्रा आदि भी मौजूद थे.

दांगी समाज की बैठक संपन्न

छापीहेड़ा 16 फरवरी, सं. ब्लॉक दांगी सामाज खिलचीपुर की बैठक नगर छापीहेड़ा के मंडी प्रांगण में रखी गई. बैठक में सर्वसम्मति से समाज हित में निर्णय लिया गया कि आगामी 01 मई को दांगी सामाज का विवाह सम्मेलन नगर छापीहेड़ा में रखा जाएगा. पूर्व विधायक डॉ रामप्रसाद दांगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बालचंद दांगी, राष्ट्रीय सचिव हुकूमचंद राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष मानसिंह देवाखेड़ी एवं समाज के वरिष्ठ गण एवं प्रमुख लोग उपस्थित रहे.

शिव-पार्वती विवाह पर महिलाओं ने नृत्य किया

नवभारत न्यूज

जीरापुर 16 फरवरी, सं. शिवरात्रि पर अटल चौक में नौ दिवसीय शिवमहापुराण कथा का आयोजन सिद्धेश्वर महादेव शिव परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा है. जिसमें पंडित अनुराग कृष्ण जी महाराज के मुखारविंद से भगवान शिव के प्रसंग का वर्णन बताया कि जब पांडव वनवास जाने लगे तब वे सब सर्व प्रथम भगवान कृष्ण को प्रणाम करने पहुंचे. भगवान कृष्ण ने पांचों पांडव से कहा कि तुम जहां भी रहो शिव की भक्ति करना बंद मत करना इतना सुन कृष्ण को प्रणाम कर पांचों पांडव निकल गए और पांचों पाण्डवों में से सिर्फ अर्जुन ने श्री कृष्ण की आज्ञा का पालन किया. 11 वर्ष तक लगातार शिव की पूजन की. एक बार उनकी पूजन में विघ्न डालने का सोचा कि मैं कैसे न कैसे यह नियम तुड़वाता हुं, तब भीम एक लड़की के टुकड़े को जमीन में गाड़ कर उस पर पत्ते पुष्प रख दिए अर्जुन से कहा ये शिव लिंग तुम आज इनका पुजन करो भक्ति में डूबे अर्जुन ने भीम की बात मानकर उसका पूजन करने लगे पूजन कर के उठे तो भीम ने अर्जुन से कहा कि आज तुम्हारी पूजन खंडित हो गई क्योंकि यह कोई शिव लिंग नहीं एक पेड़ का कटा हुआ लकड़ी का गट्ठा है अर्जुन ने यकीन नहीं किया भीम ने कहा तुम इसको हिलाओ अर्जुन ने कहा ये मेरे महादेव है मैं इनको नहीं हिला सकता आप को भरोसा नहीं है आप हिलाओ. तब उस लकड़ी के गट्ठे हो हिलाया तो उसमें से साक्षात देवाधिदेव महादेव प्रगट हो गए. शिव पार्वती विवाह पर महिलाओं ने खूब नृत्य किया.

पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी आयोजित

राजगढ़ 16 फरवरी, का. कलेक्टरडॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन में नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा. संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती शार्मिला डावर द्वारा बताया गया कि जनपद स्तर से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी. प्रतियोगिता में बालक वर्ग के लिए कबड्डी तथा बालिका वर्ग के लिए खो-खो खेल शामिल किए गए हैं.

सूने मकान से 3 किलो चांदी 1 लाख रुपये नगद चोरी

नवभारत न्यूज

छापीहेड़ा 16 फरवरी, सं. समीपस्थ ग्राम मोहन में गत दिवस तीन स्थानों पर चोरी की घटनाएं सामने आई है. लीमा चौहान थाना क्षेत्र में काकरिया भाई ग्राम, मनोहरपुरा थाना राजगढ़ और मोहन ग्राम थाना छापीहेड़ा में दोपहर के समय सूनें मकानों को निशाना बनाया. करीब 12 से 3 बजे के बीच में किसान रामनारायण पिता कंवरलाल गुर्जर एवं उसका भाई मांगीलाल गुर्जर निवासी मोहन गांव घर में ताला लगाकर खेत पर गए थे. तभी चोरों ने घर के ताले तोड़कर अंदर घर में रख पेंटी से 3 किलो चांदी के जेवरात और एक लाख रुपए नगद चोरी कर लिए. सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस के द्वारा मौका मुआयना किया गया. पुलिस चोरी के मामले की जांच में जुट गई है. थाना प्रभारी होकम सिंह मीणा ने बताया कि चोरी की घटना की जांच की जा रही है चोरों का जल्दी ही खुलासा किया जाएगा.

23 प्रकरणों में 56 लाख रुपये की स्वीकृति

राजगढ़ 16 फरवरी, का. राजगढ़ जिले में श्रमिकवर्गीय संबल अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत विभिन्न जनपद एवं निकायों के कुल 23 प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा डी-एम लॉगिन से प्रकरणों को अनुमोदित कर संबंधित निकायों को प्रेषित किया गया. स्वीकृत प्रकरणों के तहत कुल 56 लाख रुपये की राशि के ई-पेमेंट जारी कर भुगतान हेतु शासन को भेजे गए हैं.ब जिले के जनपद एवं निकायवार स्वीकृत प्रकरणों में जनपद पंचायत ब्यावरा के 1 प्रकरण में 2 लाख रुपये, जनपद पंचायत राजगढ़ के 7 प्रकरणों में 18 लाख रुपये, जनपद पंचायत खिलचीपुर के 6 प्रकरणों में 14 लाख रुपये, जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ के 5 प्रकरणों में 14 लाख रुपये तथा जनपद पंचायत सारंगपुर के 1 प्रकरण में 2 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं.

सेवानिवृत्त शिक्षक जाहिदा मोटलानी का सम्मान

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 16 फरवरी, सं. जिले में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासन ने एक प्रभावी और संवेदनशील व्यवस्था विकसित की है, जिसके तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन पीपीओ उपलब्ध कराया जा रहा है. इस दौरान सारंगपुर सहायक शिक्षक जाहिदा मोटलानी सहित अन्य का सम्मान किया गया. आयोजित भावपूर्ण विदाई समारोह में पेंशनरों को साइबर फॉड से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताते हुए आर्थिक नुकसान से सतर्क रहने की अपील की और कहा कि आजकल एसएमएस के माध्यम से कई बार साइबर अपराधी फर्जी संदेशों के माध्यम से लोगों को ठगने का प्रयास करते हैं। माह जनवरी 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय कर्मचारी अधिकारी में सारंगपुर सहायक शिक्षक जाहिदा मोटलानी एवं सहायक शिक्षक बाबूलाल वर्मा को माला, शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं पीपीओ का वितरण कर उनका सम्मान किया गया. इस मौके पर अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र सिंह दांगी, डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजोरे, जिला पेंशन अधिकारी संदीप दुबे आदि मौजूद थे.

कुत्तों के हमले में किसान का पशुधन बर्बाद हुआ

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर/ब्यावरा 16 फरवरी, सं. खिलचीपुर थानांतर्गत ग्राम चांदपुरा में सोमवार की सुबह खेत में मौजूद बकरियों पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया. इस हमले में 6 बकरियों की मौत हो गई एक बकरी के बच्चे को कुत्ते उठाकर ले गये. जानकारी के अनुसार खिलचीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चांदपुरा में सोमवार की सुबह यह घटना हुई. खेत पर मौजूद झोपड़ी के यहां तार फेंसिंग के भीतर बंधी बकरियों पर कुत्तों के झुंड ने हमला बोल दिया. हमले में 6 बकरियों ने दम तोड़ दिया. जबकि एक बकरी के बच्चे को कुत्ते उठाकर ले गये. घटना से किसान को काफी नुकसान पहुंचा है. किसान भाग्यचंद मालवीय के अनुसार वह खेती और पशुपालन के द्वारा परिवार का भरण-पोषण करता है. उसके पास 7 बकरियां थी. जो कि उनकी आमदनी का जरिया थी. गांव से बाहर खेत पर बनी झोपड़ी में वह परिवार सहित रहते है. बकरियों को झोपड़ी के समीप तार फेंसिंग के भीतर बांधकर रखते थे.

फेंसिंग तोड़कर किया हमला- किसान के अनुसार वह सोमवार सुबह परिवार के साथ खेत पर कार्य कर रहे थे. इसी बीच कुत्तों का एक झुंड तार फेंसिंग को तोड़कर फेंसिंग के भीतर घुस आया और यहां मौजूद बकरियों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया. जब तक बकरियों को बचाया जाता तब तक गंभीर रुप से घायल 6 बकरियों ने दम तोड़ दिया. किसान के भाई गेंदालाल के अनुसार जब वह अपने खेत से लौट रहे थे तभी उन्होंने बकरियों पर कुत्तों को हमला करते देखा. शोर मचाते हुए पत्थर फेंककर कुत्तों को भगाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. एक बकरी के बच्चे को कुत्ते उठाकर ले गये.

एक बड़ा आर्थिक नुकसान

किसान द्वारा थोड़ी बहुत खेती एवं पशु पालन करते हुए बमुश्किल घर का खर्च चलाया जाता है. एकाएक इतनी बड़ी संख्या में बकरियों के मरने से एक बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचा है. एक बड़ा आर्थिक संकट आ खड़ा हुआ है. **छापीहेड़ा, खिलचीपुर में हुई थी घटना-** जिले में अनेक स्थानों पर कुत्तो के हिंसक रुप लेने से इनके हमला करने की घटनाएं हो चुकी है .छापीहेड़ा संवाददाता के अनुसार लगभग एक सप्ताह पूर्व छापीहेड़ा स्थित रामपुरिया हनुमान मंदिर के यहां घर के बाहर खेल रही लगभग 21 माह की बालिका पर कुत्तो ने हमला कर दिया था जिसमें बालिका गंभीर रुप से घायल हो गई थी. इसी प्रकार एक-डेढ़ माह पूर्व खिलचीपुर स्थित सोमवारिया में एक बालक के ऊपर कुत्ते द्वारा हमला कर देने की घटना हुई थी जिसमें बालक घायल हो गया था.

अच्छी खबर | **स्कूली शिक्षा मंत्री के पत्र के बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने शुरू की औपचारिकताएं**

अब हाई स्कूल कहलाएगी गंज की माध्यमिक शाला

नगर में 8वीं से पास होकर 9वीं में प्रवेश नहीं ले पा रहे थे

9 वीं क्लास केवल उत्कृष्ट स्कूल, पीएम श्री स्कूल और सांदीपनी स्कूल में है

कट ऑफ और सीमित सीटें होने के कारण बच्चे भर्ती नहीं हो पा रहे थे

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 16 फरवरी, का. मप्र शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने बाल कल्याण समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा ने मांग पत्र के आधार पर लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर प्रस्ताव जिले से मंगवाने के पत्र लिखा. इसके बाद राज्य शिक्षण संचालनालय ने राजगढ़ जिले के जिला शिक्षा अधिकारी से साकेत शर्मा और अन्य जनप्रतिनिधियों की मांग अनुसार प्रस्ताव भोपाल कार्यालय में भेजने का भेजा.

इसके परिपालन में जिले ने ब्लाक को पत्र लिखा ब्लाक ने राजगढ़ नगर में 8 वीं से पास होकर 9 वीं में प्रवेश नहीं ले पा रहे थे. क्योंकि 9 वीं क्लास केवल उत्कृष्ट स्कूल, पीएम श्री स्कूल और सांदीपनी स्कूल में थी. परन्तु यह कट ऑफ और सीमित सीटें होने के कारण बच्चे भर्ती नहीं हो पा रहे थे. इससे उनको या तो प्रायवेट स्कूल में पढ़ने को मजबूर थे या ड्रापआउट हो रहे थे. जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति थी, इसको लेकर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री साकेत शर्मा ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग, स्कूल शिक्षा मंत्री को इस समस्या को दूर करने और राजगढ मगर के एक स्कूल को उन्नयन करके हाईस्कूल तब्दील करने का आग्रह किया था.

जिसको मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने राजगढ़ नगर मध्य में स्थित माध्यमिक विद्यालय गंज स्कूल को उन्नयन करते हुए हाईस्कूल में उन्नत करने का प्रस्ताव राज्य शिक्षण संचालनालय भोपाल को इस संबंध में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के प्रस्ताव पर भोपाल भेजा. अब ये समझा जा सकता है. जल्दी माध्यमिक विद्यालय गंज स्कूल में बहुत जल्दी में 9 वीं कक्षा प्रारंभ होगी और गंज स्कूल, हाईस्कूल बनेगा.

हाईस्कूल बनने पर विभाग का आभार जताया

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बातचीत में बताया कि आज बहुत खुशी का क्षण है. बच्चो के हित में राज्य सरकार, शिक्षा विभाग और राजगढ़ विधायक का हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम शुद्ध मन से लगातार धैर्य से कार्य करे तो सफलता जरूर मिलती है.